हिन्दी दैनिक

# नव शक्ति

www.navshaktinews.in

RNI- BIHHIN/2012/43368

navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 79 | पटना, रविवार, 05 मई, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# जहां सरकारें भ्रष्ट हों, वहां बजट कितना भी हो, विकास संभव नहीं हैं: प्रधानमंत्री

**रांची, (नवशक्ति)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने शनिवार को झारखंड के पलामू और लोहरदगा में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन की विभाजनकारी मानसिकता पर करारा प्रहार किया।प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लग रहा है अपने झामुमो और कांग्रेस को दिन में ही तारे दिखा दिए हैं। आप सभी अपने एक वोट के महत्व को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा कार्य किया कि पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लगी है, उसी एक वोट की ताकत ने 2014 में कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार को हटा दिया था और बीजेपी-एनडीए की सरकार बनाई। इस एक वोट की ताकत से आज भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है।श्री मोदी ने राम मंदिर के लिए किए गए संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि इतिहास में इतना लंबा संघर्ष कहीं नहीं हुआ, जो अयोध्या में हुआ। 500 वर्षों से कितनी ही पीढियां संघर्ष करती रहीं, प्रतीक्षा करती रहीं और लाखों लोग शहीद हुए। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद जनता के एक वोट की ताकत से ये कार्य पूरा हुआ और आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है। जनता के एक वोट की ताकत ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 को जड़ से समाप्त कर दिया। आए दिन झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, आंध्र प्रदेश और पशुपति से लेकर तिरुपति तक नक्सलवाद, आतंकवाद फैला कर यहां की धरती को लहूलुहान कर देता था। कितनी माताओं ने अपने जवान बेटे खो दिए लेकिन जनता के एक वोट ने उन माताओं की आस पूरी की और इस धरती को लहूलुहान करने वाले नक्सलवादी आतंकवाद से मुक्ति दिला दी। कांग्रेस की पूर्व सरकारों के कार्यकाल में आतंकी बम धमाके करते थे, निर्दोष को मौत के घाट उतारते थे लेकिन कांग्रेस की सरकार पाकिस्तान को लव लेटर लिखती थी और पाकिस्तान लव लेटर के बदले आतंकी भेजता था। जनता के एक वोट की ताकत ने भाजपा सरकार बनाई और सेना ने पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया। एक वो स्थिति थी जब आतंकी हमले के बाद कांग्रेस की डरपोक सरकार दुनिया भर में जाकर रोती थी लेकिन आज स्थिति ये है कि पाकिस्तान दुनिया भर में जाकर रो रहा है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि आज पाकिस्तान के नेता कांग्रेस के शहजादे को पीएम बनाने के लिए दुआ कर रहे हैं लेकिन मजबूत भारत तो अब मजबूत सरकार ही चाहता है। आज पूरा हिंदुस्तान कह रहा है कि मजबूत भारत के लिए मजबूत सरकार और मजबूत सरकार के लिए मोदी सरकार। माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में देशवासियों की सेवा करते हुए मुझे अब 25 साल हो जाएंगे। इन 25 वर्षों में मोदी पर एक पैसे के घोटाले का आरोप नहीं लगा है।मोदी आज भी पद, प्रतिष्ठा, सुख-समृद्धि से दूर वैसा ही है, जैसा जनता ने यहां भेजा था। मोदी मौज नहीं, मिशन के लिए पैदा हुआ है। झामुमो और कांग्रेस के नेताओ ने भ्रष्टाचार से अपार धन संपदा खड़ी कर ली है लेकिन मोदी के पास खुद की साइकिल भी नहीं है। कांग्रेस के लोग संपत्ति और राजनीति सब कुछ अपने-अपने बच्चों के लिए अर्जित कर रहे हैं। वो उनके लिए विरासत में ढेर सारी काली कमाई छोड़ कर जाएंगे लेकिन मोदी के न कोई आगे है न पीछे है ।श्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन ने एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाने का पुरजोर विरोध किया था। कांग्रेस के राज में राशन सड़ता रहता था। आदिवासी क्षेत्रों के बच्चे भूख से मरते रहते थे और कांग्रेस अनाज गोदामों पर ताला लगाकर बैठ जाती थी। आप मोदी को लेकर आए, मोदी ने सारे अनाज गोदामों के ताले खुलवा दिए आज देश में मुफ्त राशन की योजना चल रही है। मैंने गारंटी दी है कि आने वाले 5 साल इसे और चलाऊंगा। झारखंड में आए दिन पेपर लीक होते थे और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता था लेकिन आज केन्द्र की भाजपा सरकार ने पेपर लीक के विरुद्ध कठोर कानून बनाए हैं। मोदी का संकल्प है भ्रष्टाचार बचाओ लेकिन इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचार बचाओ। इंडी गठबंधन के नेता जनहित और विकास की मांग के लिए नहीं अपितु भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए रैली करते हैं। आगामी पांच वर्षों में इन सभी भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस ने पिछले 60 वर्षों में सिर्फ परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण किया है। कांग्रेस की कुनीतियों ने ही देश को नक्सलवाद और माओवाद की खूनी हिंसा दी है लेकिन पिछले दस वर्षों में मोदी ने देश के एक बड़े हिस्से को माओवादी हिंसा से मुक्त कराया है। अपना वोट बचाने के लिए कांग्रेस आतंकवादियों पर भी कार्रवाई नहीं करती। झारखंड में घुसपैठियों को बढ़ावा देने और आदिवासियों की जमीन हड़पने का खतरनाक खेल हो रहा है। संथाल में पीएफआई जैसे प्रतिबंधित संगठन अपना रैकेट चला रहे हैं और आदिवासी महिलाओं के साथ अत्याचार कर रहे हैं। जब लोग इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं तो इंडी गठबंधन वोट जिहाद की अपील करने लगता है। कांग्रेस कितना ही जिहाद कर ले, लेकिन अब ये देश पीछे नहीं हटने वाला है।



यशस्वी प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं विरासत में देश को विकसित भारत देकर ही जाऊंगा ताकि देश की जनता को कभी मुसीबत भरा जीवन न जीना पड़े। मैंने गरीबी को जीया है और मैं गरीब की मुश्किलों से गुजरता हुआ आया हूं। इसीलिए मेरी 10 वर्षों की गरीब कल्याण की योजनाओं ने मेरे जीवन के अनुभवों से जन्म लिया है। आज लाभार्थियों से मिलकर मेरी आंखों में आंसू आ जाते हैं और इन आंसुओं की कीमत वही व्यक्ति समझ सकता है जिसने गरीबी में जीवन बिताया है। जिसने अपनी मां को पेट बांधकर सोते और शौचालय के अभाव में पीड़ा तथा अपमान सहते नहीं देखा है, वो मोदी के इन आंसुओं का मर्म नहीं समझ सकता है। लेकिन कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में अपनी खुशी ढूंढ रहे हैं और ये निराश और हताश लोग इतने कुंठित हो गए हैं कि क मोदी के आंसू इन्हें अच्छे लग रहे हैं। कांग्रेस के शहजादे के हालात को ह्लजाके पांव न फटे बिवाई, सो क्या जाने पीर पराईह्व मुहावरा चरितार्थ करता है। राहुल गांधी चांदी की चम्मच से खाना खाते रहे, गरीबों की झोपडियों में फोटो खिंचवाते रहे लेकिन गरीब के लिए कभी कुछ नहीं किया। मोदी के 10 वर्षों के सेवाकाल में 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर आ गए हैं, इसीलिए देश की गरीब जनता मोदी को आशीर्वाद दे रही है। ये आशीर्वाद ही मोदी की शक्ति और पूंजी है।

श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगियों ने पलामू को अपने हाल पर छोड़ दिया था और इन नेताओं ये भी नहीं ज्ञात होगा कि पलामू नक्शे में कहां पड़ता है। लेकिन इन्हीं जिलों में देश के सबसे ज्यादा दलित, आदिवासी और पिछड़े भाई बहन रहते हैं। कांग्रेस शासन में इन जिलों को पिछड़ा जिला कहकर अपमानित किया जाता था। 2014 में भाजपा सरकार बनने पर मैंने इन जिलों को आकांक्षी जिला कहना शुरू किया और इन्हें होनहार जिला बनाने का प्रण लिया। पहले अफसर इन जिलों में पोस्टिंग को सजा की तरह मानते थे लेकिन मैंने देश को सबसे होनहार अफसरों को पलामू में लगाया और अब आकांक्षी जिला कार्यक्रम शुरू होने के पहले और अब के पलामू में जमीन आसमान का फर्क आ गया है। पहले पलामू में मात्र 14 प्रतिशत गरीब परिवारों के पास पक्के घर थे, लेकिन आज लगभग हर गरीब परिवार का पक्का मकान बन रहा है और जिनका मकान नहीं बना है उनका मोदी के तीसरे कार्यकाल में बन जाएगा। पहले पलामू के 80 प्रतिशत परिवारों के पास बिजली नहीं थी लेकिन आज हर घर और हर स्कूल में बिजली है। पहले पलामू में मात्र 3 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में इंटरनेट था परन्तु आज हर गांव डिजिटल क्रांति का हिस्सा है। जब मैंने स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया, मोबाइल डेटा सस्ता किया और गांव- गांव कॉमन सर्विस सेंटर खोले तो कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता इसका उपहास उड़ाने लगे और पूछने लगे कि इससे गांवों का क्या फायदा होगा। लेकिन आज उन्हीं कदमों के चलते गांवों की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है, गांव युवा सोशल मीडिया का हीरो बन गया है और इंटरनेट गरीबों के घर तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि मोदी यहां रोजगार बढ़ाना चाहता है और जनता के जीवन में खुशहाली लाना चाहता है लेकिन कांग्रेस की नजर जनता की संपत्ति पर पड़ गई है। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में जनता की संपत्ति का एक्स-रे कर उसका कुछ हिस्सा जब्त करने और अपने वोटबैंक में बांटने की बात कही है।

## संपादकीय

### जबकि 5 चरण अभी बाकी हैं जिनके दौरान गर्मी और बढ़ेगी

जे पी चौधरी



पहले की गर्मी और लू से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हुआ पड़ा है तो दूसरी ओर चुनाव की गर्मी ने माहौल को गर्म कर रखा है। भारी गर्मी व लू के अलर्ट के बीच चुनाव प्रचार कर रहे नेताओं पर भी इसका असर दिखाई दे रहा है। इसी कड़ी में 24 अप्रैल, 2024 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पूर्वी महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान गर्मी में बेचैनी महसूस होने के कारण बेहोश हो गए। गडकरी के बेहोश होते ही उनके सुरक्षाकर्मी उन्हें मंच से बाहर ले गए। हालांकि वह कुछ मिनट बाद ठीक हो गए और अपना भाषण पूरा करने के बाद अगली चुनावी सभा में भाग लेने के लिए रवाना हो गए। दूसरी घटना में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दुगार्पुर से एक चुनावी रैली में भाग लेने के लिए कुल्टी जाते समय हैलीकाप्टर में सवार होते समय संतुलन बिगड़ जाने से लडखड़ा कर गिर पड़ीं। हालांकि इस घटना के बाद वह भी कुल्टी गईं और उन्होंने आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के समर्थन में एक रैली को तेजस्वी यादव ने संबोधित करते हुए तबीयत खराब हो गया। अभी तो मतदान के दो चरण ही हुए हैं और गर्मी का यह हाल है जबकि 5 चरण अभी बाकी हैं जिनके दौरान गर्मी और बढ़ेगी।

## प्रधानमंत्री जी ने जितने वादे किए, यह वे वादे हैं जो मोदी की गारंटी है : चिराग पासवान

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान पटना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने जितने वादे किए,यह वे वादे हैं जो मोदी की गारंटी है जिसपर देश, अब तो दुनिया इस पर विश्वास किया है। समय जो बनाने में लगे, वह एक तरफ और यह विश्वास हर एक बिहारी को मेरे प्रधानमंत्री जी के द्वारा दी गई घोषणाओं के उपर है कि वह तमाम वादे धरातल पर उतरेंगे और उतरे हैं। यही कारण हर बीते चुनाव के साथ जहां सरकारों ने एंटी कमबेंसी देखी है तो ,वहीं मोदी जी की पहली ऐसी एनडीए सरकार है जहां पर हर बार से पहले से बेहतर मेंडेट सरकार को लोकसभा चुनाव में बढ़कर मिलता है। 14 से बेहतर 19 में ,19 से बेहतर 24 की ओर



हम लोग अग्रसर हो रहे हैं ।हकीकत यह है कि विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा बचा ही नहीं है इसलिए प्रधानमंत्री जी के उपर व्यक्तिगत आरोप, प्रत्यारोप करना, तंज कसना। अगर आपने अपने जमाने में काम किए होते तो संभवत आज इनको यह सवाल पूछने की जरूरत नहीं पड़ती। 15 साल बिहार की जनता ने एकतरफा राजद को भी मौका दिया।

## पीएम मोदी के रहते संविधान को कोई खतरा नहीं : रामदास अठावले

**पुणे।** अपने क्षेत्र में रामदास अठावले ने चुनावी अभियान तेज कर दिया है। उनके साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता करता भी चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। संवाददाता सम्मेलन में अठावले ने कहा कि आरक्षण बाबा साहब अंबेडकर के प्रयास से समाज के सभी दबे, कुचले, शोषित और वंचितों को दिया गया है। संविधान में कहीं भी धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है, साथ ही बीपी सिंह के समय पिछड़ों को मिले आरक्षण पर भी उन्होंने अपनी राय रखी। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी के कहने का मतलब है कि वे धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दे सकते हैं। जबकि कांग्रेस लोगों को आरक्षण के नाम पर भड़का रही है। उन्होंने कहा कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में



महायुती और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता पूरे जोर-शोर से चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। हमारी पार्टी का यहाँ बहुत बड़ा जनाधार है। उनकी पार्टी के अलावा यहां एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकर्ता भी जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। बीजेपी, एनसीपी और एकनाथ शिंदे की शिवसेना के कार्यकताओं के बदौलत हम निश्चित ही बड़ी जीत दर्ज करेंगे। पार्टी कार्यकताओं ने बताया कि हम यहां लंबे समय से चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं और आज हमारे हम अठावली जी के साथ बाइक रैली में भी शामिल होंगे। मोदी जी के काम की वजह से इस क्षेत्र में महायुति बहुत आगे चल रही है। उद्धव ठाकरे और राहुल गांधी के प्रचार का क्षेत्र के मतदाताओं पर ज्यादा प्रभाव नहीं होगा। इसके अलावा कार्यकताओं ने कहा कि राहुल गांधी की जातिगत जनगणना की घोषणा का भी लोगों पर ज्यादा प्रभाव नहीं होगा। एक अन्य कार्यकर्ता ने कहा कि अठावले जी के चुनावी मैदान में आने से कार्यकताओं में दुगना जोश आ गया है और हम हमेशा उनके पीछे खड़े रहेंगे।

## मेरा दर्द बिहार के उन करोड़ों बेरोजगार युवाओं की तकलीफ के आगे कुछ भी नहीं : तेजस्वी यादव

**पटना, (नवशक्ति)।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि महीनों से अलट-पलट वाली अथक सामाजिक राजनीतिक यात्रा रही है। आराम के अभाव एवं निरंतर यात्रा के कारण दो हफ़्ते से कमर में हल्का दर्द था, दो दिन से अचानक बढ़ गया। लेकिन मेरा ये दर्द बिहार के उन करोड़ों बेरोजगार युवाओं की तकलीफ के आगे कुछ भी नहीं है जो नौकरी-रोजगार की आस में बैठे हैं जिनके सपनों को विगत 10 वर्षों में धर्म की आड़ में कुचला गया है। मैं अपने दर्द को भूल जाता हूँ जब देखता हूँ कैसे गरीब माताओं-बहनों को महंगाई के कारण रसोई चलाने में भारी पीड़ा का अनुभव होता है। किसान भाइयों को सिंचाई के साधन व फसल का उचित दाम नहीं मिलने तथा संसाधनों के अभाव एवं रोजी-रोटी के



लिए लाखों साथियों के पलायन का कष्ट देखता हूँ तो मुझे मेरा दर्द महसूस भी नहीं होता ।छात्र को पीड़ा हैं क्यूँकि उन्हें अच्छी पढ़ाई नहीं मिल पा रही। बिहार के मेरे बुजर्गों की पीड़ा है कि उन्हें अच्छी दवाई नहीं मिल पा रही, थाना और ब्लॉक के भ्रष्टाचार से आमजन परेशान है। हर वर्ग को पीड़ा है क्यूँकि उनके अधिकार, उनका न्याय उन्हें नहीं मिल पा रहा है। मैं इन सबों की तकलीफ में अपने आप को सांझीदार मानता हूँ ।बिहार में एनडीए सरकार से जनता त्रस्त है। ऐसे में यदि मैंने अपनीं पीड़ा की चिंता की और ये कदम रुक गए तो फिर लोगों की उम्मीदें भी बुझ जाएगीं तथा महंगाई, तानाशाही, अत्याचार और अन्याय की आग में बिहार झुलसता रहेगा। इसलिए मैंने तय किया है कि भले ही बाधा कितनी हो, भले ही दर्द कितना हो, रुकना नहीं है, झुकना नहीं है और थकना नहीं है। लक्ष्य की प्राप्ति तक चलते जाना है, बढ़ते जाना है, जीतते जाना है जीताते जाना है। लक्ष्य प्राप्त किए बिना रुकना मेरे खून में नहीं है।

## कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है भाजपा विकास की राजनीतिः संजय सेठ

**रांची, (नवशक्ति)।** सांसद संजय सेठ ने रांची के ठाकुर ठाकुरगांव के बेतागी लावागढा, बुतरू, क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया । इस अवसर पर संसद सेठ ने कहा जब देश में विपत्ति पड़ी कोरोना कल में कांग्रेस के कार्यकर्ता कहां थे भाजपा सेवा करने के लिए राजनीति करती है परंतु कांग्रेस तुस्टिकारण की राजनीति के लिए राजनीति करती है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता चाहे किसी भी क्षेत्र में हो अपनी सेवा हर मुश्किल घड़ी में देने के लिए तैयार रहती है । भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता लोगों के हर सुख दुख में खड़ी रहती है यही भाजपा परिवार है यह सब प्रेरणा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हम सभी कार्यकताओं को प्राप्त होता है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, किसान, युवा ,और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य किया आज गरीब कल्याण योजना के तहत विगत 4 सालों से और आने वाले 5 सालों तक प्रत्येक व्यक्ति को मुफ्त में 5 किलो अनाज की व्यवस्था सुनिश्चित की ,आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक मुफ्त में इलाज ,गैस सिलेंडर चूल्हा हो या जनधन खाता किसानों को 1 साल में ?6000 । वही झारखंड में रघुवर दास की जब सरकार थी तो किसानों को प्रति एकड़ ?5000 अतिरिक्त दिया जाता था लेकिन जब कांग्रेस और झामुमो की सरकार आई तो सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव गरीब किसानों की चिंता करते हैं वहीं कांग्रेस सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति



करती है। कांग्रेस परिवारवादी ने देश को लूट कर अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया देश को कुछ नहीं दिया कांग्रेस ने देश की जनता के धन को लुटा देश को लुटा सिर्फ भ्रष्टाचार इनका एक काम था। सारे विकास के कार्य ठप है। जमीन की लूट हो रही है। झारखंड के मुख्यमंत्री जमीन घोटाले में जेल में है उनके कई अधिकारी भ्रष्टाचार के मामले में जेल में है। वृद्धा पेंशन हो, विधवा पेंशन हो, या प्रधानमंत्री आवास सब में बिचोलिया पैसा लेकर काम कर रहे हैं बिना पैसे का कोई काम आज के समय में झारखंड में नहीं हो पा रहा है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही मोदी जी ने गरीबों को सम्मान दिया उनके मूलभूत सुविधा को ध्यान में रखते हुए छोटी-छोटी चीजों को ध्यान में रखते हुए गरीबों के लिए ऐसे कई कार्य किया जा रहे हैं। देश को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है। आज के इस कार्यक्रम में कांके के विधायक समरी लाल ,मनोज बाजपेई, ठाकुर गांव के मंडल अध्यक्ष उत्पल सहदेव ,स्वामी देवेंद्र प्रसाद ,अशोक साहू ,कमल मोदी ,गिरधारी महतो,झीबरा मुंडा, सहानंद गोप, हरदेव साहू, सहित सैकड़ो की संख्या में लोगशामिल हुए।

## भाजपा में शामिल हुए अरविंदर सिंह लवली, कुछ दिनों पहले ही दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से दिया था इस्तीफा

**नई दिल्ली।** इंडिया ब्लॉक पार्टनर आप के साथ पार्टी के गठबंधन और पार्टी उम्मीदवारों के चयन के विरोध में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के कुछ दिनों बाद, अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह चार पूर्व कांग्रेस नेताओं के साथ केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने वाले चार अन्य लोगों में हाल ही में पार्टी छोड़ने वाले पूर्व कांग्रेस विधायक - राजकुमार चौहान, नीरज बसोया, नसीब सिंह - और दिल्ली युवा कांग्रेस प्रमुख अमित मलिक शामिल हैं।

इससे पहले लवली ने स्पष्ट कर दिया था कि उन्होंने केवल पार्टी का




पद छोड़ा है, पार्टी नहीं, हालांकि कांग्रेस नेतृत्व के साथ-साथ आप नेताओं के एक वर्ग का मानना था कि वह फिर से भाजपा में शामिल होंगे। 28 अप्रैल को लवली का इस्तीफा दृष्टिकोण और धारणा के संदर्भ में पार्टी के लिए एक झटका था। दिल्ली के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान के पार्टी छोड़ने के चार दिन बाद, लवली का इस्तीफा, जो पिछले साल अगस्त से दिल्ली इकाई का नेतृत्व कर रहे हैं, दिल्ली में 25 मई के चुनावों के लिए कांग्रेस के प्रयासों के लिए एक झटका है।

# तेजप्रताप को राजद ने किया दरकिनार, चुनाव प्रचार के लायक भी नहीं समझाः मंगल पांडेय

## जगदा बाबू से हुए विवाद ने पूर्व मंत्री को पार्टी में हाशिये पर पहुंचाया

**पटना।** सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय ने लालू परिवार के अंदर चल रही राजनीतिक दांव- पेंच पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि परिवार हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली लालू जी की पार्टी घर की राजनीति में ही सिमटती जा रही है। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू यादव एनडीए के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। वह चुनावी जंग में श्री नरेंद्र मोदी जी को चुनौती दे रहे हैं। मगर दूसरी तरफ उनके परिवार में ही राजनीतिक महत्वाकांक्षा की जंग चल रही है। जहां तेजप्रताप जी को लोकसभा का टिकट नसीब नहीं हुआ। उसके बाद अभी तो आलम ये है कि तेजप्रताप जी को चुनाव प्रचार से भी दूर कर दिया गया। ये पटकथा राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के इशारे पर रचा गया। जिसमें नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी यादव ने भी जगदा बाबू का पूर्ण सहयोग किया। श्री पांडेय ने कहा कि वंशवाद की राजनीति के धुरंधर श्री लालू जी ने अपने दोनों बेटों श्री तेज प्रताप और श्री तेजस्वी को राजनीति में उतारा। मगर छोटे बेटे तेजस्वी जी को राजनीतिक विरासत सौंप, अपने बड़े लाल को दरकिनार कर दिया। ऐसा क्यों हुआ। राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद जी लगातार ये समझाने में



सफल रहे कि तेजप्रताप राजनीति के लायक नहीं। यही वजह बनी कि तेजप्रताप जी की उनसे टकराहट हुई। अब तो जगदा बाबू ने उन्हें पार्टी में दरकिनार कर दिया। वहीं जगदा बाबू ने अपना वर्चस्व दशार्ते हुए लोकसभा चुनाव में भी तेजप्रताप जी से अपना बदला चुनाव प्रचार से दूर रखकर ले लिया। उन्हें चुनाव प्रचार से मगर लालू जी एवं तेजस्वी जी, तेजप्रताप का साथ छोड़ जगदा बाबू के साथ हैं। श्री पांडेय ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में तेजस्वी जी अपना भी फायदा देख रहे हैं। उन्हें लगता है कि श्री तेजप्रताप सक्रिय राजनीति में मुझसे आगे न निकल जाए। ऐसी सोच रखने वाली परिवारवादी पार्टी के ये नेता जनता हित का क्या ख्याल रखेंगे। पूर्व मंत्री श्री तेज प्रताप, अपने सगे भाई तेजस्वी जी के समानांतर राजनीतिक ताकत या फिर पार्टी में अपनी वजूद की लड़ाई लड़ते रहे। मगर उन्हें पार्टी न तो अपने एजेंडे में शामिल करती है और न ही चुनाव प्रचार के लिए प्राथमिकता में रखती है। तेजप्रताप जी को पूर्णतः जगदा बाबू के इशारे पर नजरअंदाज कर दिया गया। यही राजद जैसी पार्टी की चाल व चरित्र है।

# लालू ने मंत्री पद की लालच देकर हड़प ली करोड़ों की जमीन : प्रभाकर मिश्रा

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि लालू परिवार देश का सबसे बड़ा जमीन माफिया है। लालू प्रसाद ने मंत्री पद का लालच देकर करोड़ों की जमीन हड़प ली। श्री मिश्र ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि चारा घोटाले के आरोप में जब लालू प्रसाद को जेल जाने की नौबत आयी, तब जिस रघुनाथ झा ने पूरे बिहार में खून का दरिया बहाने की धमकी दी थी, उन्होंने ही यूपीए -1 में मंत्री बनने के लिए 18 जून, 2005 को लालू प्रसाद के दो नाबालिग बेटों (तेज प्रताप यादव और तेजस्वी प्रसाद यादव) को गोपालगंज में राष्ट्रीय राजमार्ग-28 से सटी अपनी करोड़ों की संपत्ति महज 8 लाख 75 हजार रुपए कीमत बताकर दान कर दी थी। तीन कट्ठा 2 धुर और 10 धुरकी राष्ट्रीय मार्ग के किनारे की जमीन और उसके 500 वर्ग फीट में सारी सुविधाओं से सुसज्जित तीन मंजिला मकान की कीमत 8 लाख 75 हजार रुपए दिखलाई गयी थी। श्री मिश्र ने कहा कि कांति सिंह की तरह दानकर्ता रघुनाथ झा ने भी डीड में दान करने की वजह में दान प्राप्त करनेवाले नाबालिग तेज प्रताप और तेजस्वी द्वारा उनकी सेवा करना बताया है। श्री मिश्र ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते पांच सवाल पूछे। पूछा कि आखिर एक सांसद ने अपनी करोड़ों रुपयों की संपत्ति लालू प्रसाद के दो नाबालिग बेटों ( आप दोनों भाइयों) को ही क्यों दान कर दी ? कहा कि क्या यह सच नहीं है कि दान प्राप्त करनेवालों (आप दोनों भाई) के नाबालिग होने की स्थिति में आपकी मां पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किये। श्री मिश्र ने तेजस्वी से पूछा, आप दोनों भाई जब नाबालिग थे, तब आपने रघुनाथ झा की ऐसी कौन सी सेवा की, जिससे प्रभावित होकर उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे की अपनी करीब 1 करोड़ रुपए मूल्य की जमीन और मकान को उन्होंने दान में दे दिया ? क्या यूपीए - 1 में मंत्री बनाने के एवज में रघुनाथ झा को भी अपनी संपत्ति आपके पिता के दबाव में आप दोनों भाइयों को दान करने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ा था ?

उन्होंने पूछा कि तेजस्वी यादव बताएं कि क्या यह भ्रष्टाचार के जरिए अर्जित सम्पत्ति नहीं है ? श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी को इन सारे सवालों का जवाब जनता के सामने देना होगा।

# बिहारियों से रही है मोदी को चिढ़ः डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह

**पटना, (संवाददाता)।** बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए भाषण में बिहारियों के बारे में की गई टिप्पणी की कड़ी आलोचना की। प्रधानमंत्री के बयान को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी के दिल में बिहारियों के प्रति हमेशा से चिढ़ रही है और किसी न किसी बहाने वे इसको दशार्ने से भी नहीं चुकते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार में आकर बिहार की जनता के जख्म को कुरेदने और उनको भड़काने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने बयान में महाराष्ट्र में बिहार और उत्तरप्रदेश के लोगों के साथ हुए दुर्व्यवहार के लिए इंडिया गठबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। जबकि हकीकत यह है कि बिहारियों के प्रति तब नफरत फैलाने वाले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे आज भारतीय जनता पार्टी की गोद में खेल रहे हैं। इससे पहले भी मोदी



बिहारियों के डीएनए पर सबाल खड़ा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री बिहार के साथ सौतेला व्यवहार करते रहे हैं। बातें बहुत की मगर किया कुछ नहीं। डा0 सिंह ने कहा कि अब बिहार की जनता देश के उनसे जानना चाहती है कि दस वर्षों में उनकी उपलब्धी क्या रही। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2019 में बिहार की जनता ने 40 में से 39 सीटें प्रधानमंत्री जी की झोली में डालने का काम किया था, लेकिन बिहार की उपलब्धी को इन पांच वर्षों में जनता को बताने के लिए प्रधानमंत्री जी के पास कुछ भी नहीं है। इन्होंने न केवल बिहार को बल्कि पूरे देश को धोखा देने का काम किया है।यहां तक कि प्रधानमंत्री ने बिहार के अलग-अलग जगहों पर बंद पड़े कल-कारखानों को शुरू करने के अलावा राज्य में अन्य नये उद्योगों के शुरूआत की भी बात बिहार की जनता से किया था।

लेकिन उनके वादे ढाक के तीन पात से ज्यादा कुछ भी नहीं रहे। डा0 सिंह ने यह भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी के रिपोर्ट कार्ड में केवल अल्पसंख्यक और बहुसंख्यकों के बीच खाई पैदा करने एवं देश के लोगों को आपस में तोड़ने के अलावा कोई उपलब्धी के शब्द नहीं हैं। अब बिहार की जनता उनके फरेब को समझ चुकी है और इस बार के चुनाव में मुंहतोड़ जबाव देगी।

# वोट जिहाद की अपील कर जिहादियों के समर्थन से चुनाव लड़ना चाह रहा है इंडी गठबंधनः सम्राट चौधरी

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कांग्रेस के नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी और सपा नेत्री मारिया आलम के वोट जिहाद की अपील पर कहा कि इंडी गठबंधन अब ह्यजिहादियोंह्ल के समर्थन से चुनाव लड़ना चाह रहा है। इस अपील के साथ ही इंडी गठबंधन के नापाक इरादे और साजिश का पदार्फाश हो चुका है। कांग्रेस के किसी भी नेता ने इस कुत्सित अपील का विरोध न करके एक तरह से अपना समर्थन दिया है। बिहार के मतदाताओं को एकजुट और सावधान रहने की जरूरत है।

श्री चौधरी ने कहा कि बेशर्मी के हद तक मुस्लिम तुष्टिकरण के बावजूद कांग्रेस जाति और धर्म के आधार पर चुनाव को केन्द्रित करने की खतरनाक चाल चल रही है। एक ओर कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के दलों की कोशिश एससी, एसटी,



ओबीसी और सामान्य श्रेणियों को विभाजित करने की है तो दूसरी ओर वह धर्म के आधार पर मुसलमानों से वोट की अपील कर पूरे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न और देश में अराजकता का माहौल बनाना चाह रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति की वजह से ही पाकिस्तानी नेता भी राहुल गांधी के समर्थन में खुल कर बयान दे रहा है। कांग्रेस पाकिस्तान से आने वाले बयान से गदगद है। ये वहीं कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दल हैं जिन्हें श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर बनने से परेशानी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे खुलेआम बयान दे रहे है कि वे प्रभु श्रीराम को हरायेंगे। मगर खरगे यह नहीं बता रहे हैं कि वे किसे जीतायेंगे। कांग्रेस का मंसूबा वोट जिहाद के जरिए मुस्लिमों का वोट पाना है ताकि वह देश में बाबा साहेब अम्बेदकर के संविधान की जगह ह्यशरिया कानूनह्ल लागू कर सके।

श्री चौधरी ने कहा कि ह्यआतंकियोंह्ल के नाम के साथ ह्यजीह्ल लगाने वाले, पड़ोसी देश पाकिस्तान की हर आतंकी कार्रवाई का समर्थन करने वाले, सेना के शौर्य का सबूत मांगने वाली कांग्रेस और उसके सहयोगी दल देश को एक बार फिर बांटने की साजिश कर रहे हैं ।पिछले कई चुनावों से मिली हार की वजह से कांग्रेस घोर हताशा में है और वह धर्म तथा जाति के आधार पर लोगों को भड़का कर देश में अस्थिरता तथा अराजकता की स्थिति बनाना चाह रही है।

## संक्षिप्त खबर

### पिछड़े-अतिपिछड़ों व दलितों का आरक्षण क्यों घटाना चाहते हैं तेजस्वी : राजीव रंजन

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि आरक्षण के कपूर्री मॉडल पर तेजस्वी यादव द्वारा दिए गये बयान से यह साफ हो गया है वह दलितों तथा पिछड़े-अतिपिछड़े समाज का आरक्षण घटाना चाहते हैं. वह जान लें कि 14 करोड़ बिहारी मर-मिट जायेंगे लेकिन आरक्षण घटाने के उनके मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे.

अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा कि कपूर्री ठाकुर जी के समय केवल दलित समाज को आरक्षण मिला करता था. लेकिन कपूर्री ठकुर जी पिछड़े-अतिपिछड़े समाज की व्यथा को समझा और पहली बार उन्हें आरक्षण देने का क्रांतिकारी काम किया. उस समय उन्होंने पिछड़े समाज को 8% और अतिपिछड़े समाज को 12% का आरक्षण दिया था. बाद में कांग्रेस और राजद की सरकारें आयीं, लेकिन उनका पूरा ध्यान परिवार की तिजोरी भरने पर लगा रहा. उन्होंने न तो किसी नये वर्ग को आरक्षण दिया और न ही दलितों-पिछड़ों-अतिपिछड़ों के आरक्षण को बढाया. आंकड़े देते हुए जदयू प्रवक्ता ने लिखा कि कपूर्री ठाकुर के बाद यह नीतीश कुमार ही थे जिन्होंने बदलते वक्त को समझा कौर पिछड़े व अतिपिछड़े समाज के आरक्षण को बढ़ाकर क्रमशः 12 व 18 प्रतिशत कर दिया. बाद में जातिगत गणना करवा कर नीतीश सरकार ने इसे और बढ़ाते हुए पिछड़ा समाज के आरक्षण को 18 व अतिपिछड़ा समाज के आरक्षण को 25 प्रतिशत कर दिया. इसी तरह नीतीश सरकार ने दलितों को मिल रहे 15% आरक्षण को भी बढ़ाकर पहले 16% किया और अब जातिगत गणना के बाद इसे 20% करने का निर्णय ले लिया. उन्होंने लिखा कि नीतीश सरकार के कारण ही आज बिहार में 75% आरक्षण का प्रावधान किया जा चुका है जो देश में सर्वाधिक है. समाज के शोषितों-वंचितों-पीड़ितों को उनका हक देने की दिशा में तेजी से काम हो रहे हैं. लेकिन तेजस्वी चाहते हैं कि इन सब पर ब्रेक लग जाए. उनके बयान से स्पष्ट है कि दलितों-पिछड़ों व अतिपिछड़ों के आरक्षण को 20, 18 व 25 प्रतिशत से घटा कर फिर से 15, 8 व 12 प्रतिशत कर देना चाहते हैं. तेजस्वी को बताना चाहिए कि आखिर उन्हें दलितों-पिछड़ों व अतिपिछड़ों के सशक्तिकरण से क्या समस्या है. क्यों वह उन्हें वापस जंगलराज वाले समय में घसीटना चाहते हैं ?

### प्रधानमंत्री जी खुद अपने अतीत का ध्यान नहीं रखते और दूसरे को अतीत का ध्यान रखने को कहते हैं : राजद

**पटना।** राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि प्रधानमंत्री जी आज दरभंगा में कह रहे थे कि जरुरी है कि हम अतीत का ध्यान रखें । पर वे खुद अतीत में दरभंगा एम्स के बारे में कही अपनी बातों को भूल गए हैं। इसी प्रकार सभी को 2022 तक पक्का मकान देने की बातों को भी भूल गए हैं और आज फिर तीन करोड़ पक्का मकान देने का सपना दिखा कर चले गए। राजद प्रवक्ता ने कहा कि 15 सितम्बर 2020 को हीं प्रधानमंत्री जी ने ट्वीट कर दरभंगा में एम्स निर्माण की बात कही थी चुकी बिहार में विधानसभा का चुनाव होने वाला था। 28 अक्टूबर 2020 को वे बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार के सिलसिले में जब वे दरभंगा आये थे तो अपने भाषण में उन्होंने कहा था कि अगले वर्ष मैं दरभंगा एम्स का उद्घाटन करने के लिए हीं दरभंगा आऊंगा। इतना हीं नहीं 2 अगस्त 2023 को पं बंगाल के एक कार्यक्रम में तो उन्होंने बजाप्ता यह दावा भी कर दिया था कि दरभंगा में एम्स खुल चुका है। आज फिर 28 अक्टूबर 2020 को दरभंगा में कही अपनी उन्हीं बातों को दूहरा कर चले गए। आज दरभंगा में उन्होंने यह भी कहा कि तीन करोड़ पक्का मकान गरीबों के लिए बनाया जाएगा। जबकि अतीत में कही अपनी उन बातों को वे भूल गए जब उन्होंने कहा था कि 2022 तक सभी के मकान पक्के बन जाएंगे। राजद प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री जी दूसरों को तो अतीत का ध्यान रखने को कहते हैं पर खुद अतीत में कही अपनी बातों को भूल जाते हैं।

### दरभंगा वासियों को एक बार फिर मिली निराशा : माले

**पटना।** भाकपा( माले) राज्य सचिव कुनाल ने दरभंगा में पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन पर कड़ा प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। कहा कि प्रधानमंत्री ने एक बार फिर से सांप्रदायिक कार्ड खेलने की कोशिश की है जिसका बिहार की जनता माकूल जवाब देगी। दरभंगा में एम्स के निर्माण पर भी प्रधानमंत्री का वक्तव्य झूठ से भरा हुआ है ।नफरत बढ़ाने और झूठ फैलाने की राजनीति प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी करती है. जैसे-जैसे चुनाव बढ़ता जा रहा है मोदी और पूरी बीजेपी का फ्रस्ट्रेशन और बढ़ता ही जा रहा है।

# तेजस्वी प्रसाद यादव की लोकप्रियता को पचा नहीं पा रहे हैंः एजाज अहमद

**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा तेजस्वी प्रसाद यादव को बिहार का शहजादा कहने पर आपत्ति प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह की भाषा प्रधानमंत्री के मुंह से बोला जाना स्पष्ट करता है कि उनको कहीं न कही बेचैनी और बौखलाहट है जो तेजस्वी प्रसाद यादव की लोकप्रियता को पचा नहीं पा रहे हैं। इस तरह के बयान से प्रतीत होता है और ऐसा लगता है कि इस तरह की भाषा बोलकर वो कहीं न कहीं आम जनता और नौजवानों को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं। जबकि बिहार की जनता और नौजवान मुद्दों से भटकने वाले नहीं है और लोग प्रधानमंत्री की सभा में नहीं आकर स्पष्ट रूप से संदेश दे रहे हैं कि धर्म और भ्रम की राजनीति को बिहार की जनता पसंद नहीं करती है। बिहार की जनता प्रधानमंत्री से जानना चाहती है कि हर साल दो करोड़ नौकरी देने की बात करने वाले नौकरी नहीं देकर श्री तेजस्वी जी को शहजादा कहकर स्वयं का मजाक क्यों बनवा रहे हैं। एजाज ने आगे कहा कि नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव उस पिता श्री लालू प्रसाद जी के पुत्र हैं जिसने संघर्षों और गरीबी में जिंदगी बिताकर शोषितों, वंचितों पिछड़ों, अतिपिछड़ों, दलितों, आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों के प्रति सामाजिक न्याय की अवधारणा की मजबूती दी और लोगों को गले लगाने का जो सीख दिया उसी को आगे बढ़ाते हुए तेजस्वी प्रसाद यादव ने 17 महीने के कार्यकाल में आर्थिक न्याय के माध्यम से हर वर्ग के नौजवानों के चेहरे पर मुस्कुराहट दी, उनका भविष्य बेहतर किया साथ ही साथ 75 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था को बढ़ाकर लोगों को हक और अधिकार दिया। आज प्रधानमंत्री जी को आरक्षण व्यवस्था को नौवीं अनुसूची में केन्द्र सरकार के द्वारा शामिल किये जाने पर बात करनी चाहिए थी। साथ ही महंगाई, युवाओं



के रोजगार, शिक्षा व्यवस्था को महंगी किये जाने पर तथा हम दो और हमारे दो के बढ़ावा पर चर्चा करनी चाहिए थी और बताना चाहिए था कि लोगों के साथ इनकी सरकार दस सालों के बाद भी न्याय क्यों नहीं कर सकी। इन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी आपने दरभंगा में एम्स के निर्माण की घोषणा की थी, क्या आपने उस एम्स के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की या सिर्फ बातों की जुमलाबाजी करके जनता को भरमाने का काम किया। कोविड कार्यकाल में देश में स्वास्थ्य व्यवस्था किस तरह की थी यह बताने की आवश्यकता नहीं है और पूरा देश परेशान रहा। लेकिन आप उस परेशानी को चर्चा में लाने की जगह अपना बखान करते रहे। बिहार के मजदूर किन परेशानियों में बिहार आये उसमें आप अपने गठबंधन के नेता नीतीश कुमार के संबंध में एक शब्द भी नहीं कहे। जबकि उस समय आप भी नीतीश जी के साथ बिहार में सत्ता के साझेदार थे। इधर-उधर की बात करने वाले प्रधानमंत्री जी आप बिहार का जिसे शहजादा कह रहे हैं वो आपके लिए उपहास का विषय हो सकता है लेकिन बिहार के आम-आवाम और जनता के लिए नौकरी मैन और रोजगार देने वाला क्रांतिकारी सोच का नेता यूथ आइकॉन तेजस्वी प्रसाद यादव हैं, जिसको जनता का जनविश्वास मिला हुआ है और आप उस नौजवान से मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं जिस कारण ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# मॉरीशस में आयोजित भोजपुरी महोत्सव में भारत के लोक संस्कृति की प्रस्तुति करेंगी बिहार की बेटी मनीषा श्रीवास्तव

**पटना।** बिहार की बेटी एवं सुप्रसिद्ध भोजपुरी लोकगायिका मनीष श्रीवास्तव मॉरीशस सरकार द्वारा आयोजित भोजपुरी महोत्सव में भोजपुरी लोकगीतों की प्रस्तुति कर भारत का मान बढ़ाएंगी।



विदित हो कि दिनांक 06-मई से 08-मई-2024 मिनिस्ट्री ऑफ आर्ट एंड कल्चर हेरिटेज मॉरीशस सरकार द्वारा तीन दिवसीय भोजपुरी महोत्सव 2024 का आयोजन हो रहा है, जिसमें भोजपुरी भाषा, संस्कृति, विरासत, कला एवं इसके साहित्य पर चर्चा होगी तथा कलाकरों की प्रस्तुति होगी। इस अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी महोत्सव में भोजपुरी बोलने वाले देश के कवि, कलाकार, साहित्यकार भाग ले रहे हैं तथा अपने देशों में भोजपुरी के विभिन्न स्वरूप पर बात रखेंगे।

उक्त आयोजन में बिहार की सुप्रसिद्ध लोकगायिका मनीषा श्रीवास्तव भोजपुरी लोकगीतों? के विभिन्न स्वरुप को प्रस्तुत करेंगी। बताते चलें कि मनीषा लगातार भोजपुरी लोकगीतों के विभिन्न विधा को गा रही हैं और उसे डिजिटल प्लेटफार्म पर संग्रहित कर रही हैं। इसी प्रयास को देखते हुए इन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान सम्मान लगातार मिल रहा है। इस कड़ी में मारीशस में भोजपुरी लोकगीत की प्रस्तुति देने जाना बिहार व देश के लिए गौरव की बात है।

# बिहार मॉडर्न पेंटाथॉलन द्वारा 8वीं एमपीफी नेशनल लेजर रन चैंपियनशिप 2024 में 3 स्वर्ण 1 रजत और 5 कांस्य पदक जीतने पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने दी शुभकामनाएं




**पटना।** बिहार मॉडर्न पेंटाथांलन टीम अमरावती महाराष्ट्र में मॉडर्न पेंटाथांलन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दिनांक झ 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक आयोजित आठवीं एमपीफी लेजर रन नेशनल चैम्पियशिप में बिहार मॉडर्न पेंटाथॉलन की टीम द्वारा 3 स्वर्ण 1 रजत और 5 कांस्य पदक जीतने पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू जी ने एवं बिहार मॉडर्न पेंटाथलान एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग कुमार, सचिव कनक कुमार, कोषाध्यक्ष सिद्धन जी, चेयरमैन डॉ सोनू शंकर जी, बिहार लाठी संघ के अध्यक्ष राजीव रंजन यादव, भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक मुकेश पासवान, अंकुर वर्मा ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किया। उक्त अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू जी ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन किया और मेडल जीत कर बिहार का नाम रौशन किया। साथ ही साथ राजू ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा की भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ सदैव प्रतिभावान खिलाड़ियों का सम्मान करती है और उनके खेल को और बेहतर करने के लिए हर संभव सहयोग करती है।

# भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद से मिला ठठेरा समाज



**पटना।** शनिवार को भाजपा सांसद पटना साहिब के प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के आवास पर मिलकर बिहार राज्य ठठेरा संघ के प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण प्रसाद ने बधाई दी और आश्वस्त किया कि बिहार के सभी ठठेरा जाति भाजपा के साथ है और रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में ठठेरा जाति रहते हैं, उन सभी को मैसेज दे दिया जाएगा कि एकजुट होकर के एनडीए सरकार को भारी बहुमत से जीतने का प्रयास करें। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री भोलू कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष शिव कुमार और पप्पू भाई, प्रदेश के नेता अनिल राज, पटना जिला अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ मलूकान जी, पटना जिला उपाध्यक्ष सुंदर ठठेरा, पटना जिला सचिव सूरज आदि मौजूद थे।

# बालू माफियाओं के हाथों की कठपुतली बनी सरकार : राजेश राठौड़

**पटना,(नवशक्ति)।** बिहार में बालू के कारोबार में वर्चस्व को लेकर आएं दिन गोलीबारी की घटनाएं पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने राज्य की नीतीश भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि कल भोजपुर जिले के कालूचक गांव में बालू माफियाओं के बीच गोलीबारी की घटना हुई है जिसमें दो निर्दोष मजदूरों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वहीं करीब छह लोग गोली लगने से घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये राज्य सरकार के शह पर संचालित अवैध बालू खनन और माफियाओं के संरक्षण की देन है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा है कि आएं दिन ऐसी घटनाएं पूरे बिहार में सुनने और देखने को मिल रही है। यह सीधे सीधे बालू माफियाओं को प्राप्त सरकारी संरक्षण और पुलिसिया शह की देन है जो हर बार किसी न किसी निर्दोष को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। उन्होंने सीधे सीधे नीतीश भाजपा सरकार के खत्म हो रहे इकबाल का देन बताते हुए कहा है कि बिहार में सत्ता संपोषित माफिया राज संचालित है और इसमें सरकार केवल अपने हिस्से के उगाही के लिए मौन धारण किए हुए है। उन्होंने मृत दोनों मजदूरों को उचित मुआवजा देने की मांग की है और बालू माफियाओं पर अविलंब नियंत्रण लगाने की मांग की है।

# नालंदा लोकसभा के मतदाता इस बार बदलाव के मूड में: संजय राजेश

संजय कुमार

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** नालंदा में ज्ञान की गंगा एक बार फिर बहेंगी। बेहतर शिक्षा ,बेहतर स्वास्थ्य ,बेहतर रोजगार और नफरत मुक्त समाज का निर्माण करना ही हमारा लक्ष्य होगा।

उपरोक्त बातें नालंदा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी संजय राजेश नें आधे दर्जन प्रखंड के कई गांवों के ग्रामीणों से जनसंपर्क यात्रा के दौरान कहीं।

संजय राजेश ने लोकसभा चुनाव को लेकर नालंदा जिले में लगातार धुआंधार बैठक एवं जनसंपर्क चला मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने में लगे हैं।

वे शुक्रवार को नालंदा जिले के नूरसराय, चंडी, नगरनौसा प्रखंड के दर्जनों गांवों का दौरा कर मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उनका काफिला बढ़ता गया, वैसे-वैसे मतदाता एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया और अपना पूर्ण समर्थन के साथ जीत दिलाने का वादा किया।

नालंदा लोकसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी संजय राजेश के ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान एवं बैठक में मिल रहे समर्थन से सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ गई हैं ,जिससे इस बार के



लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर होगी ।

अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान संजय राजेश ने कहा कि अगर हम चुनाव जीत कर आते हैं, तो नालंदा जिले में फिर से ज्ञान की गंगा बहेगी ।हमारा सबसे प्रथम प्रयास बेपटरी हो गई शिक्षा , स्वास्थ्य व रोजगार को बेहतर करना है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों द्वारा वोट की खातिर लोगों को आपस में लड़वाने में लगे हुए हैं, मेरा प्रयास होगा कि बेहतर समाज का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र की हर समस्या को केंद्र सरकार के समक्ष सदन में रखूंगा और उन समस्याओं के निदान के लिए हमेशा तैयार रहूंगा ।चाहे वह जिस भी परिस्थिति में हो ,उसका पूरा करने का भरसक प्रयास करूंगा ।क्षेत्र भ्रमण के दौरान नालंदा के मतदाताओं का जो प्यार और समर्थन हमें मिल रहा है, उसका मैं तहे दिल से आप सभी मतदाताओं का आभारी हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इसी तरह आप सभी का प्यार और समर्थन मुझे आगे भी मिलता रहेगा।

# अगलगी से पीड़ित परिवारजनों से मिलने पहुंचे लोजपा (रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान

**हाजीपुर।** हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र अर्न्तगत लालगंज प्रखंड के लखन सराय एवं सहदुल्लाहपुर में बीते दिन अगलगी में तकरीबन 50 घर जल गये थे सूचना मिलते हीं लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हाजीपुर से एनडीए समर्थित उम्मीदवार आदरणीय श्री चिराग पासवान जी अगलगी की घटना में पीड़ित और प्रभावित परिजनों से मुलाकात कर उनके कुशल से पूछा और संवेदना व्यक्त की।

इस अगलगी की घटना में प्रभावित सभी घायलों को जल्द से जल्द स्वस्थ होने की उन्होंने प्रार्थना की। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह हाजीपुर लोकसभा प्रभारी श्री अरविन्द कुमार



सिंह, वैशाली जिला प्रभारी जनाब अशरफ अंसारी, संसदीय बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडेय, जिलाध्यक्ष श्री संजीव कुमार सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अवधेश सिंह, प्रदेश महासचिव राजकुमार पासवान, हरिहर पासवान, जिला मिडिया प्रभारी गुड्डु कुमार जायसवाल, छात्र जिलाध्यक्ष श्रीकांत पासवान, संसदीय बोर्ड जिलाध्यक्ष संजय चौधरी, लालगंज प्रखंड अध्यक्ष ज्योति सिंह, संतोष स्वराज, पवन राज, सोनू सूद, संतोष शर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार साह, इंदल पासवान, राकेश पासवान, इंदल पासवान, कमलेश राय, रणविजय चौरसिया, साजेश पासवान, मनोज सिन्हा, मो. नौशाद खां, प्रभात जी, मुकेश पासवान सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# 1600 करोड़ का एंबुलेंस घोटाला क्या बनेगा इस बार जहानाबाद का चुनावी मुद्दा ?

## गांवों में क्यों थमने का नाम नहीं ले रहा है नेताओं का विरोध का सिलसिला



**जहानाबाद।** जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे लोगों के बीच उम्मीदवारों की पुराने कारनामे सामने आते जा रहे हैं और उसमे मे से एक है एनडीए प्रत्याशी चंदेश्वर चंद्रवंशी से जुड़े एंबुलेंस घोटाला। जेडीयू ने अपने सीटिंग सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी को एक बार फिर से जहानाबाद से चुनावी मैदान में उतारा है। भाजपा जेडीयू सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी के बेटे बहू की कंपनी को 1600 करोड़ का एंबुलेंस टेंडर देने का मामला जोर-शोर से उठा चुकी है। इस बहाने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर सीएम नीतीश को भी कटघरे में खड़ी कर चुकी है। ऐसे में जहानाबाद में भाजपा के बड़े नेताओं के लिए एक तरफ कुआँ है तो दूसरी तरफ खाई । क्योंकि यह घोटाला का पदार्फाश भी कोई और नहीं बल्कि जिस समर्थक पार्टी के साथ वो चुनाव लड़ रहे हैं वही भाजपा के शीर्ष नेताओं के द्वारा जहानाबाद के सांसद पर 1600 करोड़ का एंबुलेंस घोटाला का आरोप लगाया गया है। जिसे विपक्ष हर मुमकिन भुनाने के कोशिश इस चुनाव में कर रहे हैं। इस बार जहां भी भाजपा के नेता अपने समर्थक के साथ वोट की बात कर रहे हैं उनसे जनता उन्ही के द्वारा लगाया गया इस एंबुलेंस घोटाला का जवाब मांग रही है। कई गावों में तो लोग उम्मीदवारों का विरोध का वीडियो भी वायरल कर रहे हैं। जिसके कारण लोगों के बीच उम्मीदवारों को लेकर संशय बना हुआ और वो अभी तय भी नही कर पा रहे हैं कि वो अपना वोट किसे दे। खैर जो भी हो परंतु 1600 करोड़ का एंबुलेंस घोटाला जहानाबाद का चुनावी मुद्दा इस बार सबसे बड़ी मुद्दा बन कर उतरेगी।

# भाजपा की सोच, सारे विपक्ष के नेताओं को जेल के अंदर डाल दो: संदीप सौरभ

**इस्लामपुर(नालंदा)(नवशक्ति)।** इस्लामपुर मलिक सराय अनव पैलेस हाल में इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार के समर्थन मे एक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित की गई।

सम्मेलन में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन के समर्थित उम्मीदवार डॉ० संदीप सौरभ ने कहा कि आज देश का संविधान खतरे में है। भाजपा के द्वारा देश के संविधान को हटाने की साजिश रचा जा रहा है। 2024 के चुनाव मे तय होना है की 2029 मे देश में चुनाव होगा की नहीं होगा, यही तय होना है। आज के दौर में इस तरह सरकार चल रही है की देश के दो मुख्यमंत्रीयों को जेल के अंदर डाल दिया गया। ईडी सीबीआई भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। भाजपा की सोच है की सारे विपक्ष के नेताओं को जेल अंदर डाल दो ,विपक्ष मे कोई नेता ही नहीं बचे ,वह भाजपा की सोच है। चुनाव मे जनता के अधिकारों को भी छिनने की साजिश रची जा रही है। 2024 का लोकसभा का चुनाव देश के लोकतंत्र को बचाने का हमलोगों के पास आखरी मौका है।इसलिए हम लोग को चुकना नहीं है। 2014 के चुनाव मे भाजपा द्वारा जबरदस्त प्रचार किया गया था की बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार ,बहुत हुआ नारी पर वार अबकी बार मोदी सरकार और महंगाई की मार आज देश अंदर सभी लोग झेल रहे है। महिला पहलवानों के साथ अश्लील हरकत करने वाले भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृज भूषण सिंह के निर्देश पर उसके पुत्र को लोकसभा का टिकट देकर सम्मानित करने का काम किया है।




देश अंदर युवाओं को बेरोजगारी की अंधेरे में धकेल दिया गया। लेकिन सबको पता है की देश मे 30 लाख सरकारी नौकरी के पद खाली पड़े रहते हुए देश के युवा लोग बेरोजगार होकर इधर उधर नौकरी के लिए भटक रहे है। मोदी सरकार कॉर्पोरेट घरानों को मदद कर रही है। हमे जीतने के लिए इस चुनाव आप लोग को ज्यादा जोर लगाना होगा इसलिए इस बार देश को बचाना है । विपक्ष के लोग हमें बाहरी उम्मीदवार कह रहे हैं ,लेकिन उन्हें या पता नहीं है कि हम लोग का कमिश्नरी एक ही है। नालंदा की जनता इस बार बदलाव चाहती है। 15 साल नालंदा का जदयू का सांसद रहने के बाद भी नालंदा की जनता अपने सांसद को नहीं पहचानती है। और संदीप सौरभ को कुछ दिनों पहचानने लगी है।

वही विधायक राकेश कुमार रौशन ने कहा की अभी देश के बदलाव की आंधी चल रही है। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में इंडिया गठबंधन के तमाम दलों के लोग एकजुट हुए हैं। इस बार पुरे नालंदा में हमारे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ संदीप सौरभ को लोगों का भरपुर समर्थन मिल रहा है। और एनडीए प्रत्याशी के प्रति लोगों काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता युगेश्वर सिंह के द्वारा किया गया। वही सम्मेलन को भाकपा माले के जिला सचिव सुरेन्द्र राम ,प्रखंड सचिव उमेश पासवान, सीपीआई के अंचल सचिव अनिल यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष मो०इशराइल उर्फ बर्बाद सिंह , विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र यादव ,मिथिलेश यादव ,सुनील सिंह, रंजीत यादव, बब्लू यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सर्वेश कुमार सहीत कई लोगों ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबर

### दुकानदार को घायल कर रुपया लुट अपराधी फरार

**जहानाबाद।** स्थानीय गांधी मैदान के नजदीक स्थित स्टेशनरी के दुकान पर दोपहर के समय सड़क सन्नाटा देख कार सवार दो अपराधी दुकानदार से मारपीट कर 2 लाख रुपए लूट कर भाग निकले। भागे गए लुटेरे का नाम नवल सिंह एवम् उसके ड्राइवर रामप्रवेश यादव बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गिरीश शर्मा नामक दुकानदार प्रतिदिन की तरह अपने दुकान में बैठे थे कि दोपहर 2 बजे के करीब सुनसान सड़क देख कार सवार दो व्यक्ति आकर उन्हे मारपीट कर घायल कर दिया एवम् उनके काउंटर मे रखे दो लाख रुपए ले उड़े। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दुकानदार गिरीश शर्मा को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कराने के बाद उचित इलाज हेतू पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। इस संदर्भ में दुकानदार गिरीश शर्मा के द्वारा नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

### प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक दिल्ली रवाना




**पटना।** एक्सपोजर विजिट के लिए प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसवको के जत्था को सीए संजय कुमार झा ने हरी झंडी दिखाकर एनजीओ हेल्पलाइन पटना से रवाना किया । उन्होंने अपने संबोधन कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश और आज पूरी दुनिया भारत के प्रति आशा भरी नजरों से देख रही है । लेकिन आज भी कुछ लोग जाति गिनकर राजनीति में बना रहना चाहते है । जात,पात, धर्म,भाषा,क्षेत्र,रंग के नाम पर लोगो को लड़ाने का प्रयास किया जाता है । सामाजिक समरसता को बनाये रखने में फाउंडेशन उल्लेखनीय योगदान दे रहा है देश भर युवाओं की टीम भेजकर प्रेम शांति और भाईचारे का संदेश दे रहा है । उन्होंने युवाओं से अपील किया कि राष्टीय एकता और अखंडता को अक्षुण्य बनाये रखने के लिए युवाओं को आगे आना होगा । युवाओं के अथाह शक्ति और साहस को सही दिशा में उपयोग कर हम अग्रणी देशों में सुमार हो सकते हैं । वहीं फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि दिल्ली में देश भर से युवा/युवति जुट रहे है । वे एक दूसरे के रहन सहन, सँस्कृतिक सभ्यता ,खान पान से अवगत होंगे साथ ही अपने अपने क्षेत्र के लोककलाओं का भी प्रदर्शन करेंगे । उन्होंने जातिवादी नेताओं को आतंकी से भी खतरनाक बताया । मनुष्य जन्म के समय जैविक रूप से एक समान होता । हम अपने सुविधानुसार उस बच्चे के दिमाग मे जाति और धर्म को फीड करते हैं और व्यक्ति पूरा उम्र उसी केचुल में बिता देता है जबकि जाति और धर्म मानव निर्मित । उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जाति के दुकान चलाने बाले लोगों को उखाड़ फेंके । वही पत्रकार मो आशिफ ने कहा कि विघटनकारी शक्तियों से सतर्क रहें नौजवान । जातिवाद ओर धार्मिक उन्माद जहर के समान है । जाति तोड़ो मानव जोड़ो अभियान चलाया जाएगा। दल के दलनायक गोपी कुमार होंगे । दल में सुधांशू कुमार, रत्न विशाल ,आर्यन राज,शौरभ कुमार समेत दर्जनों स्वयंसवक शामिल है ।

# पहले मतदान ,फिर करें जलपान , क्योंकि यह पर्व पांच साल पर आता है: भैया अजीत




**कतरीसराय (नालंदा) (नवशक्ति)।** प्रखंड क्षेत्र के भैदी गांव में निजी दालान में मेरा वोट, मेरा अधिकार ₹ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। बताते चलें कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी व जिला युवा अधिकारी के निदेर्शानुसार सृजन संस्था के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया । कलाकारों ने ₹ मेरा वोट, मेरा अधिकार ₹ नाटक के माध्यम से , किसी के बहकावे में आकर गलत व्यक्ति का चुनाव न करें, अपना वोट को रुपया,कपड़ा, शराब से ना बेचे, अपना मत का प्रयोग सोच समझकर करें जिससे आपका क्षेत्र विकास हो सके आदि बातों को विस्तार पूर्वक लोगों को नाटक व संगीत के माध्यम से बताया ' जिसका नेतृत्व ब्रांड एंबेसडर लोग गायक भैया अजित ने किया ।वहीं उन्होंने कहा इस लोकतंत्र के महापर्व को हम सबको मिलकर मनानी चाहिए ।वोट मेरा अधिकार है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को वोट देना चाहिए ,क्योंकि एक वोट से सरकार बनती है तथा एक वोट से सरकार गिरती है। इसलिए वोट देना कर्तव्य ही नहीं जिम्मेवारी भी है। अपना वोट को दारू, कपड़ा,रुपया,पर नहीं बेचना चाहिए क्योंकि वोट बेटी के समान होता है, इसलिए अपने साथ-साथ दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए ।खासकर युवाओं की भागीदारी बहुत जरूरी है तथा जीविका दीदी से कहना चाहेंगे कि पुरुष वर्ग चौखट तक ही रह जाते हैं, परंतु महिला चूल्हा तक पहुंचती है, इसलिए आपके ऊपर बड़ी जिम्मेवारी है ,घर के एक भी वोटर ना छूटे। सभी को मतदान केंद्र तक ले जाना है ,लोकतंत्र के महापर्व में अपनी अहम भूमिका निभाना है पहले मतदान ,फिर करें जलपान क्योंकि यह पर्व पांच साल पर आता है। आपका एक वोट देश का भविष्य तय करता है। साथ ही भैया अजीत ने उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलाया। मौके पर उपस्थित सृजन की फाउंडर मेंबर श्रीमती पिंकी देवी, समाजसेवी धर्मवीर कुमार, सीसी राम प्रकाश कुमार, कृषि सलाहकार मुरारी जी, विवेकानंद कुमार पंकज कुमार, कुंदन कुमार, कमलेश कुमार, नाथून दास एवं बद्री साव ने प्रमुख भूमिका निभाया।

# चिराग पासवान दलितों, वंचितों और शोषितों के राष्ट्रीय नेता हैं : चिराग पासवान



**हाजीपुर।** चिराग पासवान दलितों, वंचितों और शोषितों के राष्ट्रीय नेता है। ताड़ी पर से प्रतिबंध हटाने, पासवान जाति को महादलितों की सुविधा देने, गरीबों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ मुहैया कराने के लिए निरंतर संघर्ष चिराग पासवान ने किया है।

उक्त बातें आज परमानन्दपुर, चेहराकला में जनसंवाद कार्यक्रम में बोलते हुए, लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा एवं युवा लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने बोलते हुए कहा कि चिराग पासवान बाबू जगजीवनराम और पद्मभूषण रामविलास पासवान के बाद दलितों के राष्ट्रीय स्तर पर सबसे बड़े नेता है। अभी हाजीपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहें है ।चिराग पासवान अपने पिता पद्मभूषण रामविलास पासवान के बचे हुए कार्यों को पूरा करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार साह ने किया। कार्यक्रम में सुरेश पासवान,दीपक गुप्ता, विनोद पासवान, चंदन पासवान,विशेषर ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त किया।

# समारोह आयोजित कर एएनएम को दी विदाई

**नूरसराय(नालंदा)(नवशक्ति)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नूरसराय में शनिवार के दिन एचडब्लूसी रसलपुर से सेवानिवृत हुए एएनएम प्रविला सिन्हा के सम्मान में स्वास्थ्य कर्मियों ने विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉक्टर श्यामा राय उपस्थित हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अविनाश चंद्र ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन स्वास्थ्य प्रबंधक सजनीश कुमार ने किया। मौके पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अंग वस्त्र, बैग,किताब,गिफ्ट देकर सम्मानित करते हुए विदाई दी गई।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर श्यामा राय ने सेवानिवृत एएनएम प्रविला सिन्हा के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बेहतर सेवाएं दीं।उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में आने वाले कर्मचारी व पदाधिकारी को एक दिन सेवानिवृत्त होने ही पड़ता हैं।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश चंद्र ने बताया कि अपने कार्यकाल में पूरी लगन व मेहनत के साथ काम किए। ऐसे कर्मियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सेवानिवृत्ति नौकरी का हिस्सा होता है।स्वास्थ्य प्रबंधक सजनिश कुमार ने कहा कि जिस कर्मठता और क?र्त्तव्य बोध के साथ इन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में कार्य किया है। वह अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।उन्होंने सेवानिवृत्त एएनएम के स्वास्थ्य और सुखद जीवन की कामना करते हुए विदाई दी।

इस दौरान स्वास्थ्य सहकर्मियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए उपहार




देकर सम्मानित किया।सेवानिवृत्त एएनएम प्रविला सिन्हा ने कहा कि लोगों के बीच परिवार के सदस्यों की तरह रहकर भरपूर सहयोग मिला है। साथ ही उन्हें स्टाफ और ग्रामीणों से बिछड़ने का दुख हो रहा है। उन्होंने स्टाफ से कहा कि सभी आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर अपनी सेवाएं दे।

कार्यक्रम में मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी राकेश कुमार, गैर संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉक्टर राम मोहन सहाय,जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र चौधरी,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बिंद डॉक्टर उमाकांत प्रसाद,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सरमेरा डॉक्टर अजित कुमार,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सिलाव डॉक्टर पुरषोत्तम प्रियदर्शी,प्रखंड लेखा प्रबंधक अमल कुमार,विकास कुमार विभु,बड़ा बाबू शकील अहमद,बीसीएम हिलसा साधना कुमारी,एमएनडी रामप्रवेश, सीएचओ दिव्येन्दु दिवाकर,विवेक कुमार, राजाराम,राजेश,दिव्या कुमारी, कुमारी अर्पणा सिन्हा, रानी कुमारी, विनीता कुमारी,वंदना सिंह, एएनएम अस्मिता कुमारी, शशी प्रभा,निशा कुमारी, विन्नी कुमारी, सुलेखा कुमारी, रंजना कुमारी, किरण कुमारी, सरोज कुमारी, शैलजा वर्मा,वंदना भारती, लालमुनी कुमारी सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।


नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे हैं: गुलाम अहमद मीर




**रांची।** पूरे देश की 140 करोड़ जनता जानती है कि राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे हैं।

उक्त विचार झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कांग्रेस भवन आयोजित संवाददाता सम्मेलन में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहजादे प्रधानमंत्री का प्रिय शब्द है जो वह चुनाव के दौरान प्रयोग करते हैं तो मैं उन्हें बता दूं कि राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं जिस परिवार का आजादी हासिल करने के पहले से लेकर आजादी के बाद तक कुबार्नी का इतिहास रहा है लेकिन मोदी जी जिस जमात से आते हैं उनका देश के लिए क्या योगदान रहा है पूरा देश जानता है। 2 दिन से मोदी झारखंड में है,जनता का रिस्पांस उन्हें नहीं मिला प्रधानमंत्री जिस भाषा का इस्तेमाल करते हैं उसे पूरी जनता सुनती है और अच्छी तरह समझती है। 10 साल में उन्होंने क्या किया इसकी उन्होंने चर्चा नहीं की इसी कारण अपने 10 साल के काम पर प्रधानमंत्री ने वोट नहीं मांगा। भ्रष्टाचार की बात करें तो जिस नेता पर पीएम शाम में 70000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हैं 24 घंटे के अंदर उसके साथ सरकार बनाकर उसे उपमुख्यमंत्री बना देते हैं। असम और बंगाल भी इसका उदाहरण है इलेक्टरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने हजारों करोड़ रूपया कंपनियों से चंदा लिया और इसके बदले उन्हें लाभ पहुंचाया। वोट हासिल करने के लिए मोदी कुछ भी कर सकते हैं। 10 वर्षों में मोदी ने झारखंड को क्या दिया। झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया जब उन्होंने पीएम आवास नहीं दिया तो हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू किया। पलामू के मंडल डैम का शिलान्यास 5 वर्ष पूर्व मोदी द्वारा किया गया था परंतु उसमें कोई कार्य नहीं हुआ। सरना धर्म कोड पर चुप्पी साधे रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा मोदी पर और कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। मोदी हिंदू मुसलमान पाकिस्तान पर चुनाव लड़ रहे हैं और मूल मुद्दों को डाइवर्ट कर रहे हैं।

इससे पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संवाददाताओं को जानकारी देते हुए बताया कि राहुल गांधी 7 मई को चाइबासा और बसिया में जनसभा को संबोधित करेंगे उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता के बीच मोदी फ्लॉप शो साबित हुए, जनता उन्हें कितनी गंभीरता से ले रही है यह रैली में जनता की कम उपस्थिति ने दर्शा दिया है। संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस के मीडिया कोऑर्डिनेटर ज्योति सिंह, राकेश सिन्हा सुमेर चारण,वैभव शुक्ला सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति कमल ठाकुर,रियाज अंसारी, ऋषिकेश सिंह भी उपस्थित थे।

# इंडी गठबंधन झारखंड और विकास विरोधी, अपनी करनी से जेल में बंद है हेमंत : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कहा कि कांग्रेस पार्टी की अतीत को हम सभी लोग जानते हैं। कांग्रेस पार्टी झारखंड की विरोधी रही है।

झारखंड वासियों की भी विरोधी रही है। विकास की भी विरोधी रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य का आंदोलन आजादी के पहले से चल रहा था। केंद्र में 50-60 साल तक कांग्रेस की सरकार थी। उसने कभी झारखंड अलग राज्य नहीं बनने दिया। उल्टे अलग राज्य की मांग करने वाले लोगों को खरीद लिया। पहले उन्होंने जयपाल सिंह मुंडा को खरीदा। उसके बाद शिबू सोरेन को खरीदा। भारतीय जनता पार्टी ने वादा किया था कि सत्ता में आने पर झारखंड अलग राज्य का गठन किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने पर उन्होंने झारखंड अलग राज्य का गठन कर दिया। भाजपा जो कहती है वह करती है।

उन्होंने कहा कि आज झारखंड में कांग्रेस, राजद और जेएमएम की सरकार चल रही है।

इन लोगों ने राज्य को सिर्फ लूटने का ही काम किया है। जितने भी खनिज हैं, यहां तक की नदी के बालू को भी नहीं छोड़ा। इस लोकसभा चुनाव में हम सभी को संकल्प लेना है कि लोहरदगा से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव को जिताना है और देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाना है।

श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं। वे हर बार कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी वालों ने उन्हें फंसा दिया। ईडी वालों ने हमें फंसा दिया। कल झारखंड हाई कोर्ट का निर्णय आया। झारखंड हाई कोर्ट ने साफ-साफ कह दिया कि उन्हें कोई फंसाया नहीं है। वह अपनी करनी से आज जेल में बंद है।

# ग्रामीणों ने अनुपमा को भारी मतों से जीत दिलाने का भरोसा दिया: मंटू यादव

**निर्मल महाराज**

**बोकारो।** धनबाद संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह की बड़ी जीत होगी। गुरूवार को श्यामपुर गांव में सभा का आयोजन किया गया। यहां ग्रामीणों ने एक स्वर से गठबंधन के प्रत्याशी को जीत दिलाने का निर्णय लिया। यहां झामुमो नेता मंटू यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार आई है तब से विस्थापित गांवों का बूरा हाल हो गया है। यहां तक गरगा का पानी तक भी बोकारो स्टील बेच रहा है पर श्यामपुर गांव में कोई विकास का काम नहीं हुआ। पहली बार हेमंत सरकार में यहां कुछ काम हुआ है। गांव के लोगों का पेंशन बन गया। मंटू यादव ने कहा कि श्यामपुर गांव के लोगों को शुद्ध पानी एवं श्यामपुर व वनसिमली को पंचायत में शामिल कराने का काम वर्तमान सरकार में ही होगा। श्यामपुर तो गुरूजी का घर है यहां के लोग अपने बेटे पूर्व सीएम के जेल में रहने से दुखी हैं। धनबाद का एक-एक झारखंडी खास कर आदिवासी , दलित एवं पिछड़ा समाज बदले के मूड में हैं। यह बदला इवीएम पर जोर से बटम दबाकर किया जाएगा। अनुपमा सिंह पढ़ी लिखी महिला है बोकारो में जो 15 साल से विकास नहीं हुआ है वह 5 साल में करके दिखाएंगी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो नेता मुटूकलाल किस्कू अमावती सोरेन परमेश्वर सोरेन विनोद किस्कू मोतीलाल हेंब्रम अजय हेंब्रम अशोक हेंब्रम मिथुन मंडल हर धन सोरेन बखीर्राम टुडू शेखर हेंब्रम सोरेन सुनीता देवी अनीता देवी फूलमनी सोरेन सीता सोरेन राजू सिंह संजय साह बाबूलाल मरांडी फिरोज अंसारी लालमोहन टुडू इत्यादि।

# जयराम महतो को रांची पुलिस गिरफ्तार करने में असफल रही

## दो वर्ष पुराने मामले में गिरफ्तारी करने आई थी रांची पुलिस

**बोकारो।** बुधवार को झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो गिरिडीह लोकसभा से अपने नामांकन करने हजारों की सख्या में कार्यकताओं के साथ बोकारो उपायुक्त कार्यालय पहुंचे थे ,नामांकन के बाद पुलिस डिटेन किया ,2022 में रांची विधानसभा घेराव मामले में उनकी गिरफ्तारी किया जाना था लेकिन कार्यकताओं की भारी भीड़ के कारण एवं जयराम महतो के द्वारा आग्रह की जनसभा को संबोधित करने के बाद मैं खुद गिरफ्तारी दे दूंगा की बात को लेकर रांची पुलिस ने सहमति जताई , बोकारो में चुनावी सभा के बाद पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर रांची ले जाने का मन बनाई थी लेकिन रांची पुलिस विफल रही जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए नगड़ी इंस्पेक्टर व डीएसपी बोकारो पहुंचे और नामांकन दाखिल करने के बाद अरेस्ट कर लिया गया था लेकिन हजारों की संख्या में मौजूद समर्थकों के डटे रहने के कारण नगड़ी थाना केस संख्या 48/22 में पुलिस ने जयराम महतो को गिरफ्तार कर नही ले जा सकी।समर्थकों ने कहा कि कानून का सम्मान करते है ,हमको समय दिया जाय,हमे उग्र आंदोलन करने पर मजबूर ना किया जाय, आपको बता दे कि इस तपती जलती धूप ओर बढ़ते तापमान में जयराम महतो ने नामांकन दाखिल करने हजारों की संख्या में समर्थकों के साथ बोकारो उपायुक्त कार्यालय पहुचकर अपना नामांकन किया, नामांकन के पश्चात जैसे ही जयराम महतो बाहर निकल ही रहे थे कि राँची से आई पुलिस की टीम ने गिरफ्तार करने की बात कही लेकिन जयराम के समर्थकों का जो जन सैलाब था, उसको लेकर जयराम ने कहा कि हमे एक सभा को आईटीआई में संबोधित करने दीजिये फिर गिरफ्तारी दे देंगे ,लेकिन इस बात को पुलिस और जयराम के समर्थकों के बीच काफी नोकझोंक हुई ,उसके बाद जयराम महतो ने कहा कि हमे इस केश के बारे में कोई जानकारी नही है और नही कभी जानकारी दी गई, लेकिन आज हमारे विरोधियों के साजिश के तहत आज हमको पुलिस गिरफ्तार करने आई है, ये सरासर गलत कदम है ,हमको नोटिस भी नही दिया गया, आज जब हम नामांकन करने आये तो विरोधियों के द्वारा साजिश करके हमको गिरफ्तार करने पुलिस आई,हमे जानकारी होता हो हम सभी केश में जमानत ले लिए तो इस केश में भी जमानत ले लिए होते,वहीं जयराम महतो ने समर्थकों को काफी समझाया और प्रशासन से आग्रह किया कि हमे सभा को संबोधित करने दिया जाय ,फिर काफी नोकझोंक के बाद प्रशासन ने इस बात को मानकर जयराम को सभा मे जाने की अनुमति दिया और 2 घण्टे का समय भी निर्धारित किया गया ,लेकिन हुवा ये की जैसे ही जयराम महतो सभा मे पहुचे समर्थकों ने उन्हें घेर लिया और सभा को संबोधित करने के बाद जयराम महतो की गिरफ्तारी नही होने दी, अब देखना यह है कि पुलिस का अगला कदम क्या होगा। और जयराम का अगला कदम क्या होगा ?लेकिन जब हमारे संवाददाता ने जयराम महतो से दूरभाष पर सम्पर्क करने का कोशिश किया ३ सम्पर्क नही हो पाई,फिर हमने झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष शेख शाहिद से दुरभाष पर सम्पर्क किया तो उन्होंने इस गिरफ्तारी को विरोधियों का साजिश बताया,और कहा कि जयराम महतो के साथ पूरा झारखण्ड के लोग है और हमलोग जयराम को गिरफ्तार नही होने देंगे,चाहे कुछ भी करना पड़े , पुलिस किसी के दबाव में जयराम को गिरफ्तार करने आई थी लेकिन समर्थकों के बढ़ते दबाव के कारण पुलिस गिरफ्तार नही कर पाई। सूत्रों के अनुसार जयराम महतो सुरक्षित है और कोर्ट में आत्मसमर्पण कर जमानत की अर्जी दाखिल करेंगे।

## जेबीकेएसएस नेता जयराम महतो को भगायें जाने को लेकर 11 नामजद और 15 हजार अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज

**बोकारो।** बुधवार को जेबीकेएसएस नेता जयराम महतो को भगायें जाने को लेकर सिटी थाना में 11 नामजद और 15 हजार अज्ञात लोगों पर पर मामला दर्ज किया गया। इस मामले पर कार्रवाई करते हुए, बोकारो पुलिस ने रिजवान अंसारी सहित दो अन्य को गिरफ्तार किया. गुरुवार को बोकारो व्यवहार न्यायालय में रिजवान समेत फरजान खान और संजय महतो को पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया.गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी सह जेबीकेएसएस (झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति) नेता जयराम को लेकर बुधवार को बोकारो में खूब हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ. बोकारो निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से रांची के नगड़ी थाना से पहुंची ने जयराम को गिरफ्तार कर लिया. जयराम के गिरफ्तारी से उनके समर्थकों का गुस्सा उग्र हो चला. परिस्थिति को देखते हुए, पुलिस ने जयराम को आईटीआई मोड़ में पूर्व निर्धारित सभा करने के लिए राहत दी. सभा के बाद जयराम महतो भीड़ का फायदा उठाकर सभा स्थल में अपने सुरक्षित ठिकाना को निकल भागा. इस बीच जयराम के समर्थन में उमड़ी भीड़ के आगे बेबस होकर पुलिस मुकदर्शक बनी रही. इस घटना में पुलिस प्रक्रिया पर सवालिया निशान उठने लगा. इस घटना को लेकर बोकारो सिटी थाना में बुधवार को ही जयराम महतो को पुलिस कस्टडी से भगाने को लेकर कुछ लोगों पर मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने भी अपनी नाक बचाने के लिए देर रात तक इधर-उधर छापेमारी की. इस छापेमारी में जेबीकेएसएस के धनबाद लोकसभा से प्रत्याशी रिजवान अंसारी, फरजान खान और संजय महतो को गिरफ्तार किया. सभी आरोपी को पुलिस ने तोपचांची स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया. जबकि अभी तक जयराम महतो पुलिस की पहुंच से दूर है।


## बोकारो थर्मल निवासी 35 वर्षीय व्यवसाई की हुई सड़क दुर्घटना में मौत, परिजनों सहित व्यवसाईयो को शोक की लहर

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल राजाबजार निवासी 35 वर्षीय युवक अफजल हुसैन उफ मुन्ना की मृत्यु गुरुवार को रांची स्थित रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। मृतक युवक बोकारो थर्मल मार्केट में सब्जी का थोक विक्रेता था। बुधवार को ववसाई के सिलसिले में रांची गया हुआ था और रात्रि में रांची स्थित बूटी मोड़ समीप अज्ञात वाहन ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दिया जिससे वह सड़क में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। और इलाज के डाउन रांची स्थित रिम्स अस्पताल में गुरुवार को मौत हो गई। जिसका शाह गुरुवार की रात्रि बोकारो थर्मल लाया गया जहां परिजनों सहित राजाबजार निवासियों में शोक वयाप्त है। मृतक युवक के दो छोटे छोटे पुत्र है जबकि पिता अख्तर हुसैन बीमार है।पत्नी सहित परिवार वालो का रो रो कर बुरा हाल है।

## जेबीकेएसएस सुप्रीमो सह गिरिडीह प्रत्याशी जयराम महतो की मुसीबतें काफी बढ़ गयी

**निर्मल महाराज/बोकारो।** गिरिडीह से लोकसभा चुनाव का पर्चा दाखिल करने के बाद जेबीकेएसएस प्रत्याशी जयराम महतो की मुसीबतें काफी बढ़ गयी हैं। सबसे पहते तो नामांकन के बाद रांची पुलिस ने बोकारो से उन्हें गिरफ्तार किया। जयराम की गिरफ्तारी रांची में विधानसभा घेराव के समय पुलिस कस्टडी से फरार होने के आरोप में की गयी थी। इस मामले में उनके साथ 11 लोगों के भी नाम हैं। गिरफ्तारी के बाद भी उनकी मुसीबतें कम नहीं हुई हैं। अब निर्वाचन आयोग ने उन्हें नोटिस भेजा है। इस नोटिस में कहा गया है कि वह 7 मई तक आयोग के आफिस में आकर अपने नामांकन को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करें। चुनाव आयोग के अनुसार उनके नामांकन पत्र में उनके प्रस्तावकों के हस्ताक्षर को लेकर भ्रम की स्थिति है। चुनाव आयोग ने प्रस्तावकों के हस्ताक्षर को संदेहास्पद बताया है। चुनाव आयोग ने अपने नोटिस में कहा है कि आपके द्वारा 1.मई.2024 को 6-गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष 3 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। आपके द्वारा समर्पित नाम निर्देशन पत्र में उल्लेखित प्रस्तावकों में से सभी का हस्ताक्षर संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है, जिसका सत्यापन अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जाना आवश्यक है ,इस सूचना के साथ 7 मई को जयराम महतो को सभी प्रस्तावकों एवं उनके वैध पहचान-पत्र के साथ निवार्ची पदाधिकारी, 06 गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

## चुनाव बहिष्कार को लेकर नक्सलियों ने पोस्टरबाजी की, पुलिस ने पोस्टर हटाया




**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले के बेरमो के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में नक्सलियों ने पोस्टरबाजी की है। इसमें चुनाव का बहिष्कार करने की अपील लोगों से की गई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने पोस्टर हटा दिया। हालांकि इस घटना के बाद लोगों में दहशत है।नक्सलियों ने स्कूल में पोस्टरबाजी की है। चतरो चट्टी थाना क्षेत्र की कर्री पंचायत के कुर्क नालो में पोस्टर चिपकाए। बडकी टाड़ और तिसरी में भी पोस्टरबाजी की गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मुस्तैद हो गई। उसने नक्सली पोस्टर को हटा दिया है।भाकपा माओवादी की उत्तरी छोटानागपुर जोनल कमेटी की तरफ से लोगों के लिए एक पत्र जारी किया गया है। इसमें लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने, नवजनवादी भारत के निर्माण में भूमिका बढ़ाने की अपील की गई है। पत्र में लिखा गया कि नरेंद्र मोदी विकसित भारत बनाने का सपना दिखा रहे हैं। वास्तव में यह हिंदू राष्ट्र होगा। नया संविधान बनकर मनुवादी संहिता बनाने की बात हो रही है। पत्र में लिखा गया एक चुने हुए मुख्यमंत्री की दशा क्या है, तो जनता की दशा क्या होगी।

# दलित विरोधी है इंडी एलायंस, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 400 पार का संकल्प पूरा होगा : अमर कुमार बाउरी

**पलामू।** पलामू में आयोजित जनसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हम लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का प्रधान सेवक बनाने के लिए खड़े हैं। देश के पास एक ऐसा नेता है, जिसके पास विजन है। उनके नेतृत्व में हम देश ही नहीं दुनिया का कल्याण करना चाहते हैं। वहीं, सामने इंडी गठबंधन के लोग देश की प्रगति को रोकना चाहते हैं। कैसे प्रधानमंत्री को रोका जाए, इसके लिए लगातार षड्यंत्र कर रहे हैं। जनता के आशीर्वाद से जब 400 पार के नारे के साथ प्रधानमंत्री चुनावी मैदान में उतरे तो इंडी गठबंधन के पसीने छूट गए।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या सत्ता में आने के साथ ही शुरू कर दी। उन्होंने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का कभी सम्मान नहीं किया। गरीब, आदिवासी, दलित और वंचितों को संविधान में उठाने की बात करने वाले बाबा साहब को भुला दिया। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें सम्मान देने का काम किया। पूरे विश्व में स्थापित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व में करोड़ों गरीबों को सिर पर छत मिला है। उन्हें पक्का मकान मिला है करोड़ों लोगों को आज मुफ्त राशन दिया जा रहा है। मुफ्त गैस कनेक्शन दिया। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की धरती से प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान भारत योजना की लांचिंग की। इससे गरीबों को 5 लाख रुपए के इलाज की सुविधा मुफ्त मिल रही है।श्री बाउरी ने कहा कि देश में इमरजेंसी लगाने वाले आज लोकतंत्र की हत्या की बात कर रहे हैं। राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने वाले लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने झारखंड के घर-घर में बिजली पहुंचाने का काम किया। गांव गांव तक सड़कें पहुंचाई। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने झारखंड को आगे बढ़ाने का काम किया। वहीं, सत्ता में इंडी गठबंधन की सरकार आने पर झारखंड को लूट लिया। जल, जंगल, जमीन, पहाड़ और बालू की रक्षा करने का नारा देने वाली सरकार ने हर तरफ लूट मचा दिया। ऐसा लूट मचाया कि जेल की हवा खाने चले गए, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया है कि ना खाएंगे ना खाने देंगे। भ्रष्टाचारियों पर डंडा मोदी जी के नेतृत्व में चल रहा है। पूरे देश में भ्रष्टाचार रहित शासन देकर लोगों के कल्याण करने का काम किया जा रहा है। वर्तमान झारखंड सरकार दलित, आदिवासी विरोधी है? उसने एक भी दलित को मंत्री बनाने का काम नहीं किया है। सरकार ने बैजनाथ राम का वारंट निकालकर उन्हें शपथ नहीं लेने दिया। इससे बड़ा दलितों का अपमान नहीं हो सकता है। इंडी गठबंधन के लोगों के वोट मांगने आने पर यह सवाल उनसे जरूर करें।

# सीमावर्ती क्षेत्र से देसी कट्टा के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

## गिरफ्तार बदमाश शराब मामले में है वांटेड




**घोड़ासहन।** सीमावर्ती क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक के घर स्थित रूम से देसी कट्टा बरामद किया है. मामला सीमावर्ती क्षेत्र के कवैया गांव की बताई जा रही है.पुलिस के अनुसार झरौखर गांव में शराब को लेकर छापेमारी करने गयी थी.तभी पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक के पास देसी कट्टा रखा हुआ है.पुलिस टीम ने त्वरित करवाई करते उसके घर स्थित रूम में छापेमारी कर देसी कट्टा बरामद कर लिया. तथा मौके पर ही पुलिस ने उक्त बदमाश युवक को गिरफ्तार कर लिया.युवक की पहचान झरौखर थाना क्षेत्र अन्तर्गत कवैया निवासी सुमित उर्फ शूटर के रूप हुई है.पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि बदमाश युवक के पास से 7.65 का देसी कट्टा बरामद किया गया है.पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में शराब के धंधे में संलिप्त है तथा वॉन्टेड भी रहा है.

# बाल विवाह पर कार्रवाई, रास्ते से बैरंग लौटी बारात

**● सीडब्ल्यूसी की पहल : नाबालिग को बधु होने से बचाया गया**

**बोकारो।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर कार्यरत सामाजिक संस्था सहयोगिनी के शिकायत पर बरमसिया ओपी , चंदनकियारी थाना क्षेत्र से एक नाबालिग को बाल विवाह होने से बचाया गया। सहयोगिनी संस्था ने बाल कल्याण समिति को लिखित सूचना दिया कि चास के झालबरदा बस्ती के एक बच्ची का बाल विवाह एक मई को होने वाला है , उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बाल कल्याण समिति की न्यायिक बैंच ने बाल विवाह निषेध पदाधिकारी सह बीडीओ चंदनकियारी, को पत्र लिखकर अविलंब बाल विवाह रोकने को कहा। जिसकी प्रति उपायुक्त बोकारो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं बाल संरक्षण पदाधिकारी को दिया गया। बीडीओ की टीम, पुलिस एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा उक्त शादी पर रोक लगाया गया। इस दौरान शादी की सभी तैयारी पूरी कर ली गई थी तथा घर में मेहमानों की भीड़ लगी हुई थी। बाल विवाह रोकने के लिए पहुंची टीम को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। बालिका को कूक के समग्र प्रस्तुत भी किया गया जिसके बाद बालिका की माता ने सीडब्ल्यूसी के नाम लिखित पत्र देकर कहा की जब तक बालिका की उम्र 18 वर्ष पूरी नहीं हो जाती है, तब तक अपनी पुत्री का विवाह नहीं करूंगी। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष शंकर रवानी सदस्य प्रीति प्रसाद, रेणु रंजन, प्रगति शंकर, मो0 रजी अहमद ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए बाल विवाह को रोका। इस संबंध में सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि बोकारो जिले में बाल विवाह के खिलाफ 150 गांव में 251000 लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ ग्रहण करवाया गया है। तथा बाल विवाह रोकने के लिए कार्यकर्ता गांव-गांव पंचायत प्रतिनिधियों ,शिक्षकों , स्टेकहोल्डर के साथ मिलकर अभियान चला रहे हैं।

# प्रधानमंत्री महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करते: कांग्रेस




**रांची।** कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन सब्रोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस के मीडिया कोऑर्डिनेटर वैभव शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करते। मणिपुर में महिलाओं हुए अत्याचार और मणिपुर के हिंसा पर दो शब्द नहीं बोलते, महीनों किसान धरने पर बैठे रहे लेकिन किसानों के हित की कोई बात प्रधानमंत्री ने कभी नहीं की।सुमेर चारण ने कहा कि महिलाओं और मंगलसूत्र पर बात करने से पहले प्रधानमंत्री को मणिपुर हिंसा पर देश से माफी मांगनी चाहिए। हिंदुस्तान में सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल का मामला सामने आया है जिसका कर्ताधर्ता खुद उनकी पार्टी का सांसद प्रज्वल रमन्ना है जिसकी शिकार सैकड़ो महिलाएं हुई हैं और इसके लिए मोदी ने सिर्फ चंद दिनों पहले ही रैली के माध्यम से जीताने की अपील की थी और उसका साथ देने के लिए नीरव मोदी,विजय माल्या,मेहुल चौकसी की तरह उसे भी देश से भागने में मदद की गई। राकेश सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपने शासनकाल में हुए प्रत्येक घोटाले का जवाब जनता को देना चाहिए केरल के पांच एयरपोर्ट बिना किसी अनुभव के अदानी को ठेके पर देना, गुजरात में अदानी समूह को लाभ पहुंचाने के लिए 1 में 14305 एकड़ जमीन का आवंटन, नोटबंदी के दौरान अहमदाबाद के सहकारी बैंक जिसमें निर्देशक अमित छात्र उसे पांच दिनों में 745 करोड रुपए कैसे जमा हुए मध्य प्रदेश में शिवराज सरकार में बुंदेलखंड के 3860 करोड़ का पैकेज घोटाला बजट घोटाला, बजरी घोटाला, बिटकॉइन घोटाला सहित सैकड़ो घोटाले भाजपा शासित राज्यों में और केंद्र सरकार के शासनकाल में हुए हैं, इन सभी का जवाब प्रधानमंत्री से जनता मांग रही है और प्रधानमंत्री को पूरे देश के सामने इनका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी के केंद्र में मंगलसूत्र, हिंदू-मुसलमान और पाकिस्तान है।

झारखंड की धरती से इन्हें सरना धर्मकोड के बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।संवाददाता सम्मेलन मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस क॰ प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति, जगदीश साहू उपस्थित थे।